दिनांक-13दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मॉडल टाउन मे अवैध कब्जे पर चला निगम का बुलडोजर , पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में हुई तोड़फोड़ की.कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मे अवैध निर्माण/ अप्राधिकृत भूमि विकास/ अप्राधिकृत संनिर्माण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है! इसी के तहत आज निगम के तोड़फोड़ दस्ता ने माॅडल टाउन के पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप अवैध कब्जा कर बनाए गए निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की। ईंट, बल्ली एवं सीट से निर्माण किए गए थे, जिसका परीक्षण करने उपरांत बिना अनुमति के बनाये गये निर्माण कार्य को ढ़हा दिया गया। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने हाल ही में अवैध निर्माण/अप्राधिकृत भूमि विकास/अप्राधिकृत संनिर्माण पर लगाम कसने के लिए दल गठन कर समस्त जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी को सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं! नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्र/वार्ड में विभिन्न स्थानों पर अवैध निर्माण ,अप्राधिकृत भूमि विकास,अप्राधिकृत संनिर्माण का परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। नेहरू नगर रोड माॅडल टाउन स्थित मंदिर के समीप बिना अनुमति के अवैध तरीके से निर्माण किया गया था तथा इस स्थल के समीप एक व्यवसायी द्वारा दुकान लगाकर फूल के दुकान का संचालन किया जा रहा था जिसके सामग्री को हटवाकर निगम के बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त किया गया!जेसीबी की मदद से तोड़े गए कब्जे के मलबे को जप्त किया गया इस कार्य में दो हाईवा का भी उपयोग किया गया। इस दौरान मौके पर जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 अमिताभ शर्मा ,आरआई व निगम के अधिकारियों समक्ष पंचनामा भी बनाया गया! अवैध कब्जे को हटाकर बेदखली की कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार , आर.आई. कौशिक, पुलिस बल , निगम से जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , तोड़तोड़ दस्ता प्रभारी प्रकाश अग्रवाल , बालकृष्ण नायडू सहित निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौके पर रहकर कार्रवाई किए।

जनसम्पर्क अधिकारी